तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स मय | हुक्म की तामील में जारी हु

22/01/202[illegible]

पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उपस्थित प्रार्थीगण के अधिवक्ता ने बहस में बताया कि ग्राम लवेरा खुर्द तहसील बावड़ी के खसरा संख्या 641/12 में प्रार्थीगण के दादा ~~प~~बुराम पुत्र श्री करणाराम जाति मेघवाल के स्थान पर लिपिकीय त्रुटिवश प्रभुराम पुत्र करणा राम जाति - जाट दर्ज होगया। लिपिकीय त्रुटि से पूर्व उक्त नाम जमाबंदी संवत 2039 - 2042 तक सही दर्ज था। प्रार्थीगण अधिवक्ता ने बहस में बताया कि प्रार्थीगण के दादा की जाति मेघवाल है न कि जाट। प्रार्थीगण अधिवक्ता ने निवेदन किया कि लिपिकीय त्रुटि में सुधार करवा कर जाति जाट के स्थान पर मेघवाल करवाने का आदेश फरमावें।

प्रार्थीगण अधिवक्ता की बहस सुनी गई। बहस पर मनन किया गया तथा तहसीलदार बावड़ी से प्राप्त मौका जाँच रिपोर्ट, पत्रावली में संलग्न दस्तावेजात का अवलोकन किया गया। ~~बाद~~ अवलोकन एवं मनन प्रार्थीगण के प्रार्थना-पत्र को स्वीकार करते हुए तहसीलदार बावड़ी द्वारा प्रस्तुत मौका रिपोर्ट के अनुसार एवं दस्तावेजों के आधार पर प्रार्थीगण के दादा की खातेदारी भूमि में प्रभुराम पुत्र श्री करणाराम के स्थान पर पाबूराम पुत्र श्री करणा राम जाति मेघवाल दर्ज करने का आदेश तहसीलदार बावड़ी को [illegible] तहसीलदार बावड़ी द्वारा प्रस्तुत मौका [illegible] रिपोर्ट इस आदेश का भाग [illegible] की तहरीर तहसीलदार बावड़ी [illegible] जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।

(हस्ताक्षर)

सहायक कलेक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी, बावड़ी

Signature Not Verified
Digitally signed by Sumitra Pareek
Date: 2021.03.08 12:02:16 IST
Reason: SelfAttested